an>

Title: Need to renew leases for the cultivation of Opium in Chittorgarh, Rajasthan, cancelled after 2004.

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : मैं सरकार का ध्यान चित्तौड़ में अफीम की खेती करने वाले किसानों की समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। साल 2004 से पहले यहां अधिक संख्या में किसान अफीम की खेती करते थे। वहां के किसानों की यह प्रमुख खेती थी जिस पर वे निर्भर रहते थे और इसी से उनकी रोजी-रोटी चलती थी। वर्षों से यह अफीम उत्पादक क्षेत्र रहा है। इस क्षेत्र में सन् 2004 के बाद से अफीम की खेती करने वाले किसानों के पट्टे निरस्त कर दिए गए और न ही पुराने पट्टों का नवीनीकरण किया गया। इस वर्षों में वहां की हालत बद से बदतर हो गई। किसानों के सामने जीवन-यापन का संकट खड़ा हो गया। किसान भुखमरी के कगार पर आ गए हैं। लेकिन अब तक उन किसानों की सुध नहीं ली गई। मेरे क्षेत्र के हजारों किसान भयंकर बेरोजगारी से जूझ रहे हैं।

अफीम की खेती के पट्टे न मिलने के कारण वहां के किसान आक्रोशित हैं तथा आंदोलनरत हैं। किसान अपनी मांगों को लेकर आए-दिन धरना प्रदर्शन करते रहते हैं।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र के किसानों की इस गंभीर समस्या की ओर सरकार ध्यान दे और पूर्व में निरस्त किए गए सभी पट्टों को सरकार पुनः बहाल करे और जिन पट्टों का नवीनीकरण नहीं हुआ है उनका नवीनीकरण करे।